भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
IIT
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)
राष्ट्रीय सहारा

दिनांक : 28.01.2019

कर्मचारी व खिलाड़ी सम्मानित

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में 70वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के जिमखाना मैदान एवं प्रशासनिक प्रखंड में निदेशक प्रो. प्रमोद कुमरी जैन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को निदेशक द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ध्वजारोहण के बाद, संस्थान के गैर शिक्षण मिनिस्टिरियल वर्ग में प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ और संपदा कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कनिष्ठ सहायक उत्कर्ष श्रीवास्तव और गैर शिक्षण तकनीकी वर्ग में मेटलर्जिकल

आईआईटी (बीएचयू)

विभाग में कार्यरत टेक्निकल अधीक्षक कामता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. एके त्रिपाठी, प्रो. एएसके सिन्हा, प्रो. राजीव प्रकाश, डॉ. एसपी माथुर, प्रो. एलपी सिंह, प्रो. एसपी सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त दिसंबर माह में आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित हुई इंटर आईआईटी कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता2018 में एथलेटिक्स में रजत और कांस्य पदक जीतने वाले विपिन कुमार सिंह, कांस्य पदक विजेता डा. निखिल साव , रजत राजकुमार तिवारी को सम्मानित किया। साथ ही, रजत पदक विजेता वॉलीवाल टीम और बैडमिंटन टीम, कांस्य पदक विजेता टेबल टेनिस (महिला) टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। वहीं, छात्रों में भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक विजेता पारस सोनोवाल, आकाश अग्रवाल, रजत पदक विजेता पीयूष अग्रवाल, राजकुमार मिश्रा, कांस्य पदक विजेता पवन कुमार, मुदस्सिर फजल, बाधा दौड़ में रजत पदक विजेता नितिश कुमार, कांस्य विजेता हॉकी टीम, रजत पदक विजेता बॉस्केटबॉल टीम (महिला) को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर संस्थान के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक, समूह गान, समूह नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधीष्ठाता प्रो. बीएन राय ने किया।